in the same place for more years; is not ruled out. The position is however, reviewed constantly and transfer of stall ordered in phased manner as considered administratively feasible.

Railway over-bridge projects of South Railway

3938. SHRI SARADA MOHANTY; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) the details of Railway over-bridge projects of Stouft Eastern Railway in Orissa pending before Railway Ministry for release of Railway Safely fund and since when; and

(b) by when the projects are likely to be cleared?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN); (a) Nil, Sir.

(b) Does not arise.

Construction of foot-over bridge near Vidya Vihar Railway station in Bombay

3939. SHRI SUBRAMANIAN SWA MY; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) whether there is any proposal to construct a Foot-Overbridge near Vidya Vihar Railway Station on the Central Railway Network in Bombay;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether there is any proposal to construct a New Road Over-Bridge near Vidya Vihar Railway Station on the Central Railway Network in Bombay;

(d) if so, the details therejof; and

(e) by when these projects are likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALUKARJUN); (a) No, Sir.

(b)Dose not arise.

(c) and (d) Request for construction of a road overbridge at Vidya Vihar Railway Station was received from the Bombay Municipal Corporation. The work which js to be carried out 'De-e posit Terms' has been kept in abeyance by the Municipal Corporation.

(e) Does not arise.

मालनपुर को गुना-शिवपुरी ग्वालियर-भिंड इटावा रेल लाइन से जोड़ा जाना

3940. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को निर्माणाधीन गुना-शिवपुरी-ग्वालियर-भिंड-इटावा रेल लाइन को ग्वालियर-भिंड के बीच इसके विशाखन पर पुनर्विचार करके मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने के संबंध में कोई प्रस्ताव हुआ है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित विशाखन पर कितना अतिरिक्त व्यय होने की संभावना है; और

(ग) क्या रेल मंत्रालय मालन पुर औद्योगिक क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के प्रयोजन से प्रस्तावित विशाखन, जिसमें अधिक व्यय अंतर्ग्रस्त नहीं है, पर विचार करने का विचार रखता है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) 55 लाख रुपये,

(ग) प्रस्ताय अनुमोदित कर दिया गया है,

आदिवासी क्षेत्रों में नई रेल लाइनों का बिछाया जाना

3541. **श्री गोपालसिंह जी. सोलंकी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या सरकार आदिवासी क्षेत्रों में नई रेल लाइनें बिछाने के लिए कोई विशष प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य-वार कितनी नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं;

(घ) इस रेल लाइन की लम्बाई कितने किलोमीटर है और यह किस नाम से जानी जाती है; और

(ङ) सरकार अगले वर्ष में किन-किन कार्यों को करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ङ) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

रेल-यार्डों में सामान की चोरी

3942. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि रेल-यार्डों में माल के चढ़ाने/उतारने की प्रक्रिया में सामान की चोरी होती है;

(ख) यदि हां, तो रेल-यार्डों में जोन-वार कितने मूल्य का सामान चोरी हुआ है;

(ग) इस संबंध में कितने अधिकारी दोषी पाए गए हैं; और

(घ) दोषी व्यक्तियों को जोन-वार क्या दण्ड दिया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) रेलवे यार्डों में माल का लदान तथा उतराई नहीं की जाती है ।

(ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठता ।

कोंकण रेल बाण्ड

3943. **डा० बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि सरकार कोंकण रेल बाण्डों की ब्याज की दर में वृद्धि करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो ब्याज की मौजूदा दर कितनी है और सरकार उसमें कितनी वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ग) क्या सरकार उन लोगों को भी इन ब्याज की बढ़ी हुई नई दर का लाभ प्रदान करेगी जिन्होंने ये बाण्ड पहले ही खरीदे हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) करमुक्त बांडों पर ब्याज की दर में वृद्धि करने के संबंध में एक प्रस्ताव सरकार के पास लम्बित है ।

(ख) मौजूदा दरें 9 प्रतिशत कर मुक्त और 13 प्रतिशत कर योग्य हैं । किसी तरह की वृद्धि करने के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) और (ङ) : प्रश्न नहीं उठता ।

Railway bridge across Ganga in Bihar

3944. SHRI INDER KUMAR GUJRAL; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) whether Government propose to build a new railway bridge across the Ganga in Bihar;

(b) if so, the location of the bridge and whether the survey for the same has been completed; and